कोटा–दानापुर–कोटा के मध्य दौड़ेगी दो–दो ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 22 फरवरी। रेल प्रशासन त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोटा–दानापुर–कोटा के मध्य दो–दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी **पश्चिम मध्य रेल के कोटा स प्रस्थान कर बारां, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों** से होकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाईट से विस्तारित अवधी के आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा–दानापुर–कोटा होली स्पेशल टन :– गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन **दिनांक 04.03.2023 एवं 10.03.2023** को कोटा स्टेशन से 09.50 बजे प्रस्थान कर बारां 10.43 बजे, छबड़ा गुगोर 11.48 बजे, रुठियाई 13.00 बजे, गुना 13.30 बजे, अशोकनगर 14.28 बजे, सागर 17.20 बजे, दमोह 18.30 बजे, कटनी 20.30 बजे, मैहर 21.33 बजे, सतना 22:10 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01:50 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन **दिनांक 05.03.2023 एवं 11.03.2023** को दानापुर स्टेशन से 11:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी 17:40 बजे, सतना 21:00 बजे, मैहर 21:30 बजे, कटनी 22:40 बजे, अगले दिन दमोह 00:20 बजे, सागर 01.30 बजे, अशोकनगर 04.18 बजे, गुना 05.15 बजे, रुठियाई 06.10 बजे, छबड़ा गुगोर 06.45 बजे, बारां 07.30 बजे और 09.00 बजे कोटा स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :– इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 19 कोच रहेंगे ।

रेलगाड़ी के हाल्ट :– रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बारां, छबड़ा गुगोर , रुठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी ।

यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान कोविड से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/753/2023 दिनांक 22.02.2023

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें.

धन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर